तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026

4 नशा छोड़ने के बाद समाज में सकारात्मक जीवन जी रहे लोग अब बनेंगे रोल मॉडल





# तमनार नपं अभी रहेगा ग्राम पंचायत, सरपंच, उपसरपंच और पंच ही करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

■ 5वीं अनुसूची में शामिल तमनार के स्वरुप को बिना चुनाव नहीं बदल सकते

आखिरकार नवगठित नगर पंचायत तमनार के लिए देखे गए सपने पर कोर्ट ने पानी फेर ही दिया। नगर पंचायत गठन के बाद शासन ने बीते 16 फरवरी को आनन-फानन में कमेटी गठित कर दिया था। इसकी अधिसूचना भी राजपत्र में प्रकाशित की गई थी। इस कमेटी में तमनार के सरपंच का नाम नहीं था, याने उसे पूरी तरह से दरकिनार कर दिया गया था। जबकि अभी एक साल पहले ही वह चुनाव जीती थी। कमेटी गठित करने के बाद ग्राम पंचायत स्वमेव भंग हो गया था। ऐसे में ग्राम पंचायत की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसके बाद हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए इस रोक लगा दी है। याने तमनार अभी ग्राम पंचायत ही रहेगा, वहां के सरपंच और पंच ही काम करेंगे। खास बात यह है कि तमनार 5वीं अनुसूची में शामिल है बिना चुनाव इसके स्वरुप को बदल नहीं सकते। इसके अलावा अन्य कुछ बिंदुओं को भी आधार मानकर कोर्ट ने इस पर स्टे लगा दिया है। शासन द्वारा गठित समिति में अश्वनी पटनायक, सुरेंद्र साहू, जगन्नाथ सिदार, गीतांजली पटनायक, हेमलाल साहू, योगेश गुप्ता और ज्योति पटेल को शामिल किया गया था। अब इस पूरे मामले की जब तक पूरी सुनवाई नहीं होती तब तक ग्राम पंचायत की यहां काम करेगी। कोर्ट ने कहा कि नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 5 (1) में उल्लेखित है कि जब तक नई नगर पंचायत का चुनाव नहीं होता तब तक मौजूदा ग्राम पंचायत का ही अधिकार क्षेत्र बना रहेगा। 16 फरवरी 2026 को अधिसूचना जारी कर कमेटी गठित की गई थी। तमनार अधिसूचित अनुसूचित क्षेत्र है। जहां पंचायतों की शक्तियों से छोड़छाड़ करना कानूनी रुप से गठिन है। हालांकि सरकार से कोर्ट ने जवाब देने के लिए समय दिया है।



### एक साल भी नहीं हुआ है पूरा

बीते 2025 फरवरी-मार्च में ही ग्राम पंचायतों का चुनाव हुआ था। याने चुने हुए जनप्रतिनिधियों को अभी एक साल भी पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में नगरपंचायत गठन होने से पंचायत के प्रतिनिधि कार्यकाल पूरा कर पाएंगे या नहीं यह अभी सस्पेंस बना हुआ है। अब कोर्ट ने स्टे दे दिया है और शासन को जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय दिया है।

## खबर संक्षेप



### एसएसपी ने किया पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ शशि मोहन सिंह ने पुलिस लाइन रायगढ़ का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुबह परेड ग्राउंड में आयोजित परेड की सलामी लेकर उन्होंने अधिकारियों के नेतृत्व में एक.एक प्लाटून का परेड अभ्यास कराया तथा जवानों की अनुशासन, सजगता और परेड दक्षता का निरीक्षण कर जवानों को ईनाम भी दिए। निरीक्षण के दौरान परेड ग्राउंड में बलवा ड्रिल का भी विशेष अभ्यास कराया गयाए जिसमें पुलिस की एक पार्टी को बलवाई और दूसरी पार्टी में प्रशासनए पुलिस अधिकारी एवं मेडिकल टीम की टीमें बनाकर वास्तविक परिस्थिति के अनुरूप मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

### जिले के 72 हजार 693 किसानों को मिलेगा 349.59 करोड़

# किसानों को आज मिलेगी होली के साथ दिवाली की खुशी, खाते में जमा होगी बोनस की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

त्योहरी के ठीक तीन दिन पहले किसानों को होली के साथ दिवाली की खुशियां मिलने वाली है। यह खुशियां उनके खाते में जमा होने वाली धान बोनस की राशि के रुप में मिलेगी।

जानकारी मिली है कि आज जिले समेत प्रदेश भर के किसानों के खाते में बोनस की राशि जमा होगी। इसकी तैयारी अपेक्स बैंक के अधिकारियों ने पूरी कर ली है। जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम के साथ यह खुशियां किसानों के दहलीज तक पहुंचने वाली है। जिले में इस साल 72 हजार 693 किसानों ने समर्थन मूल्य पर 4 लाख 78 हजार 240.60 एमटी बिक्री किया है। इतने किसानों को प्रति क्विंटल 2369 रुपए तो पहले ही मिल चुका है, लेकिन बोनस की राशि आज उनके खाते में अंतरण होगी। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। जानकारी मिली है कि जिले के 72 हजार 693 किसानों के खाते में 349.59 करोड़ जमा होगी। हर ब्लॉक में किसानों और धान के आंकड़े अलग-अलग हैं। सबसे ज्यादा किसान तो पुसौर में धान बिक्री करने वाले हैं लेकिन राशि देखा जाए तो सबसे ज्यादा धरमजयगढ़ ब्लॉक के किसानों को मिलने वाली है। पुसौर में 16 हजार 115 किसानों ने धान बिक्री किया है, उनको 73.34 करोड़ मिलेगा, लेकिन धरमजयगढ़ में पुसौर की तुलना में किसानों की संख्या तो कम है, लेकिन राशि ज्यादा मिलेगी।

यहां किसानों की संख्या 13 हजार 802 है और उनको मिलने वाली राशि है 73.53 करोड़।



**खास बात**

■ अपेक्स बैंक ने की तैयारी, ब्लॉकों में होगा कार्यक्रम

### कहां कितने किसानों को कितनी मिलेगी राशि

| तहसील | किसान | राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|
| खरसिया | 13191 | 59.32 |
| घरघोड़ा | 4613 | 23.81 |
| तमनार | 6190 | 25.28 |
| धरमजयगढ़ | 13802 | 73.53 |
| पुसौर | 16115 | 73.34 |
| रायगढ़ | 10378 | 49.12 |
| लैलूंगा | 8404 | 45.19 |

## 9 वाहनों में लोड था 140 टन कबाड़ पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस ने अवैध स्क्रैप परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए उड़ीसा से कबाड़ लोड कर पूंजीपथरा की ओर जा रहे 9 वाहनों को पकड़कर करीब 140 टन अवैध स्क्रैप जब्त किया है। जप्त स्क्रैप की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए तथा वाहनों सहित कुल जप्त संपत्ति का मूल्य करीब 1 करोड़ 60 लाख रुपये आंका गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि उड़ीसा से ट्रकए माजदा और पिकअप वाहनों में अवैध स्क्रैप लोहा, टीन, झड़ टुकड़े एवं मोटर पाट्र्सद्ध लोड कर रायगढ़ जिले के गेरवानी और पूंजीपथरा क्षेत्र में लाया जा रहा है। जूटमिल पुलिस ने गढ़उमरिया उड़ीसा मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी कर तीन ट्रकों में लोड लगभग 85 टन स्क्रैप पकड़ाए वहीं कोतवाली और साइबर थाना पुलिस ने उर्दना के पास नाकेबंदी कर 6 अन्य वाहनों को पकड़ाए जिनमें लगभग 54 टन स्क्रैप लोड पाया गया। पकड़े गए वाहन चालकों से स्क्रैप परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वे कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में वाहन चालकों द्वारा स्क्रैप को उड़ीसा से रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा और गेरवानी क्षेत्र में ले जाना बताया गया। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने और चोरी की संपत्ति होने के संदेह पर थाना कोतवाली और जूटमिल में वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 35, क, ड बीएनएसएस एवं धारा 303,2 बीएनएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा 05 ट्रकए 03 माजदा और 01 पिकअप वाहन सहित कुल 139.5 टन अवैध स्क्रैप जब्त किया गया है।





## खबर संक्षेप

### बिसरा क्षेत्र में अवैध शराब का बेखौफ हो कारोबार

**राउरकेला।** बिसरा क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार दिन.ब.दिन भयावह रूप लेता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राउरकेला आबकारी विभाग की अनदेखी और ढिलाई के कारण क्षेत्र में खुलेआम देशी और विदेशी शराब की अवैध बिक्री बदस्तूर जारी है। इसके बावजूद विभाग की ओर से कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे आमजन में गहरा असंतोष व्याप्त है। बताया जाता है कि बिसरा प्रखंड अंतर्गत भालुलता क्षेत्र की मुख्य सड़क किनारे लगभग चार स्थानों पर ढाबों की आड़ में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। दिन.रात इन स्थानों पर शराबियों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

### रेल अधिकारियों को मिले स्वस्थ रहने के टिप्स

**राउरकेला।** बंडा मुंडा रेलवे अस्पताल द्वारा अस्पताल परिसर में स्थानीय रेल अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य अधिकारियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से उनकी कार्यक्षमता को बनाए रखना और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना था। इस शिविर में कुल 30 रेल अधिकारियों ने भाग लियाए जबकि 8 अधिकारियों के परिवारजन भी स्वास्थ्य जांच के लिए उपस्थित रहे। मेडिकल टीम ने सभी प्रतिभागियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच में सामान्य शारीरिक परीक्षण, रक्तचाप मापन, शुगर स्तर की जांचए हृदय संबंधी परीक्षण तथा अन्य आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण शामिल थे।

### यूपीआई पुरस्कार का झांसा देकर 32 हजार की ठगी

**राउरकेला।** मंगलवार सुबह बड़गांव थाना क्षेत्र के फुलबाड़ी पंचायत अंतर्गत बुदना गांव में सामने आई। घटना के अनुसार मधुसूदन धुआ को एक कॉल आया जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को फोन.पे कंपनी का प्रतिनिधि बताया और कहा कि उन्होंने पिछले साल 5 लाख रुपए का लेन.देन किया है, इसलिए उन्हें कंपनी की ओर से 5 हजार का पुरस्कार मिलेगा। इसके बाद मोबाइल पर एक लिंक भेजा गया और पासवर्ड डालने के लिए कहा गया। लालच में आकर मधुसूदन ने लिंक खोलकर पासवर्ड डाल दिया। परिणामस्वरूप उनके बैंक खाते से तुरंत 5000 रुपए कट गए। कुछ समय बाद 32,500 रुपए और कट जाने के बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। उसी दौरान स्टेट बैंक के साइबर सेल ने असामान्य लेन.देन के बारे में संपर्क किया और खाते को ब्लॉक कर दिया।

### म्युनिसिपल कॉलेज प्ले ग्राउंड के लिए 10 लाख का अनुदान

**राउरकेला।** म्युनिसिपल महाविद्यालय, राउरकेला की 45वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता 23 से 25 फरवरी तक महाविद्यालय के खेल मैदान में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। समापन समारोह में राउरकेला के विधायक सरदा प्रसाद नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में विधायक ने महाविद्यालय के खेल मैदान के विकास के लिए 10 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की तथा इसे उच्च स्तरीय मैदान बनाने हेतु हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। उन्होंने खेल शिक्षक कैप्टन सत्य नारायण राउत के अथक परिश्रम और महाविद्यालय द्वारा विभिन्न अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन की सराहना की।

### तिलकानगर चौक पर उड़ती धूल से हादसों का खतरा

**राउरकेला।** बंडामुंडा-राउरकेला मुख्य मार्ग स्थित तिलकानगर चौक इन दिनों उड़ती धूल के कारण राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। पिछले कई महीनों से यहां की स्थिति ऐसी है कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जानकारी के अनुसार राउरकेला स्टील प्लांट आरएसपी से बड़े वाहनों के माध्यम से डस्ट धूल की ढुलाई की जाती है। इन भारी वाहनों से सड़क पर धूल गिरकर जमा हो जाती है। जैसे ही इस डस्ट से भरी सड़क पर कोई भारी वाहन गुजरता है, बड़ी मात्रा में धूल उड़ने लगती हैए जिससे आसपास का वातावरण धुंधला हो जाता है और दृश्यता कम हो जाती है।

## नशे के सौदागरों पर जशपुर पुलिस का बड़ा प्रहार

# 67 किलो गांजा सहित अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत जशपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना तपकरा क्षेत्र में लावाकेरा बैरियर पर नाकेबंदी के दौरान पुलिस ने एक सिल्वर रंग की हुंडई वरना कार से 67 किलो 135 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद करते हुए एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा और कार की कुल अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए आंकी गई है।

■ नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश तेज



### मुखबिर की सूचना पर बिछाया जाल लावाकेरा में पकड़ाया तस्कर

26 फरवरी को थाना तपकरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि, उड़ीसा की ओर से एक सिल्वर रंग की हुंडई वरना क्रमांक डीएल 8 सी एएक्स 8014 में भारी मात्रा में गांजा बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने लावाकेरा बैरियर पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई। डिक्की में स्टेपनी रखने की जगह पर छिपाकर रखी गई प्लास्टिक की बोरी से 65 पैकेट में 67 किलो 135 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

**आरोपी की पहचान और बरामदगी:** गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमन कुमार हिमांशु उम्र 36 वर्ष, निवासी मंडईडीह, थाना पातेपुर, जिला वैशाली बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 67 किलो 135 ग्राम गांजा कीमत लगभग 33 लाख 50 हजार रुपए हुंडई वरना कार कीमत लगभग 6 लाख 50 हजार रुपए, 2 मोबाइल फोन कुल मिलाकर लगभग 40 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई:** आरोपी के विरुद्ध थाना तपकरा में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**एसएसपी का सख्त संदेश-:** डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने कहा कि, जशपुर पुलिस नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में अंतरराज्यीय मादक तस्करी पर यह कार्रवाई पुलिस की सक्रियता और सजगता का बड़ा उदाहरण मानी जा रही है।

## अवैध रेत खनन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी

**जशपुरनगर।** अवैध रेत खनन व परिवहन के संदर्भ में प्राप्त शिकायत पर प्रशासन ने त्वरित जांच कर ठोस कार्रवाई की है। सहायक खनि अधिकारी ने बताया कि, जांच के दौरान ग्राम भुड़केला, तहसील जशपुर में वाहन क्रमांक सीजी 14 एमजी 1390 से अवैध रूप से रेत परिवहन किया जाना पाया गया। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त किया गया तथा खान और खनिज अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। खनिज अधिकारी ने बताया कि, तहसील फरसाबहार क्षेत्र में ईब नदी से अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की जांच के दौरान पूर्व में 9 फरवरी 2026 को ईब नदी से निकाली गई 960 घनमीटर रेत अमय कंस्ट्रक्शन, जशपुर से जब्त की गई थी। इस मामले में भी अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि, तहसील फरसाबहार अंतर्गत ईब नदी पर ग्राम बलुवाबहार में वैध रेत खदान स्वीकृत है। इसके अतिरिक्त अवैध उत्खनन पर रोक लगाने एवं सुव्यवस्थित खनन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ग्राम दाईजबहार 1 हेक्टेयर, ग्राम खारीबहार 4 हेक्टेयर तथा ग्राम बरकसपाली 1 हेक्टेयर को रेत खदान घोषित कर निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।



■ रेत से भरा वाहन जप्त, नियमों के तहत प्रकरण दर्ज

## अवैध शराब, जुआ-सट्टा के खिलाफ वार्डवासियों की सख्ती, 28 फरवरी से पूर्ण प्रतिबंध का निर्णय

**चंद्रपुर।** नगर के बाबा साहेब अम्बेडकर वार्ड क्रमांक 5 स्थित सारथी मोहल्ले में गुरुवार 26 फरवरी को अवैध शराब बिक्री, नशा के दुष्परिणाम और समाज में बढ़ते जुआ.सट्टा के प्रचलन पर रोक लगाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन, महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष गायत्री सिंह राजपूत सहित वार्ड के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

■ नगर पंचायत अध्यक्ष की मौजूदगी में बैठक, सामुदायिक भवन मरम्मत और साफ-सफाई के भी दिए गए निर्देश



बैठक के दौरान उपस्थित नागरिकों ने मोहल्ले में बढ़ रही अवैध शराब बिक्री और जुआ.सट्टा की गतिविधियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि नशा और जुआ जैसी सामाजिक बुराइयों से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और समाज में नकारात्मक वातावरण बन रहा है। इस पर सभी की सहमति से सामूहिक रूप से सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन ने वार्डवासियों की चिंताओं को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए ऐसे अवैध कार्यों पर रोक लगाना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन और नगर पंचायत इस दिशा में हर संभव सहयोग करेगी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 28 फरवरी से सारथी मोहल्ले में अवैध शराब बिक्री और जुआ-सट्टा जैसी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा।

## अग्रसेन भवन में आज से लायंस का महाकुंभ

**राउरकेला।** शहर के अग्रसेन भवन में 28 फरवरी को लायन्स क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय निदेशक के आगमन के साथ 32वें वार्षिक सम्मेलन का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह दो दिवसीय सम्मेलन लायन्स जिला 322सी2 के तत्वावधान में आयोजित होगा, जिसमें जिले के सभी क्लबों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर अंतरराष्ट्रीय निदेशक राजकुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ प्रसिद्ध प्रेरणादायक वक्ता आनंद मेहता भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का केंद्र बिंदु सेवा गतिविधियों को सशक्त बनाना, नेतृत्व क्षमता का विकास तथा संगठनात्मक एकजुटता को मजबूत करना रहेगा।

## सीएमसी वेल्लोर से उच्च शिक्षा प्राप्त कर डॉ. पटेल ने क्षेत्र को किया गौरवान्वित

**चंद्रपुर।** क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज सीएमसी, वेल्लोर द्वारा संचालित फैमिली मेडिसिन के दो वर्षीय ब्लेंडेड लर्निंग पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर चंद्रपुर से लगे डभरा में पदस्थ डॉ. राजेन्द्र कुमार पटेल को फैमिली मेडिसिन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रदान किया गया है।

■ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से डॉ. पटेल ने पूरी की महत्वपूर्ण चिकित्सा उपाधि



यह पाठ्यक्रम सीएमसी वेल्लोर के डिस्टेंस एजुकेशन यूनिट द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के सहयोग से संचालित किया गया। डॉ. राजेन्द्र कुमार पटेल ने निर्धारित शैक्षणिक मापदंडों, प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन की सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। फरवरी 2026 में आयोजित औपचारिक प्रक्रिया के तहत उन्हें यह स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया गया। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों को फैमिली मेडिसिन के क्षेत्र में उन्नत ज्ञानए व्यावहारिक कौशल और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों से सुसज्जित करना हैए ताकि वे समुदाय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशनए छत्तीसगढ़ के सहयोग से संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रदेश के चिकित्सकों को विशेषज्ञता प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। डॉ. पटेल की इस उपलब्धि से न केवल उनका व्यक्तिगत शैक्षणिक स्तर सुदृढ़ हुआ है, बल्कि इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सकारात्मक सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## मातृभाषा सेवा के लिए शिक्षक मनोज को मिला अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा रत्न सम्मान

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर से लगे ग्राम पंचायत काशीडीह के शिक्षक मनोज कुमार पटेल को मातृभाषा के संरक्षण और संवर्धन के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।



शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशनए काठमांडू नेपाल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी के अवसर पर उन्हें प्रतिष्ठित मातृभाषा रत्न मानद उपाधि से विभूषित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फाउंडेशन द्वारा विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में मातृभाषा के संरक्षण, प्रचार.प्रसार और संवर्धन के लिए कार्य कर रहे शिक्षकों, साहित्यकारों और समाजसेवियों का मूल्यांकन किया गया। इसी क्रम में शिक्षक मनोज कुमार पटेल द्वारा मातृभाषा सेवा के क्षेत्र में किए गए सतत प्रयासों, शैक्षणिक गतिविधियों और समाज में मातृभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के कार्यों को सराहते हुए उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया गया। फाउंडेशन द्वारा जारी सम्मान पत्र में उल्लेख किया गया है कि मनोज कुमार पटेल ने मातृभाषा के संरक्षण एवं उसके महत्व को समाज और विद्यार्थियों के बीच स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय में अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान और गौरव की भावना मजबूत हुई है।

# नकली आधार कार्ड से तीन करोड़ की जमीन की बिक्री

**राउरकेला।** रघुनाथपाली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लाठीकटा तहसील इलाके में जमीन घोटाले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि जमीन माफियाओं और दलालों ने फर्जी आधार कार्ड बनाकर करीब तीन करोड़ रुपये मूल्य की दो एकड़ जमीन को अवैध रूप से बेच दिया। इस पूरे प्रकरण में जहां कुछ लोगों ने लाठीकटा तहसीलदार की भूमिका पर सवाल उठाए। वही तहसीलदार के संज्ञान में यह मामला आते ही जांच के आदेश दिए तहसील दार के आदेश पर बीर केरा आर आई मामले की जांच कर रहे है। टांइसर ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच प्रहलाद ओराम ने इस संबंध में गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसारए लाठीकटा ब्लॉक के टांइसर ग्राम पंचायत अंतर्गत टांइसर गांव में खाता संख्या 225/52 एवं प्लॉट संख्या 2032/2784 की लगभग दो एकड़ जमीन के वास्तविक मालिक चरण कुम्हार पितारू चामा कुम्हार हैं। बताया जाता है कि चरण कुम्हार कई वर्षों से अपने गांव से बाहर पड़ोसी राज्य झारखंड में रह रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति का लाभ उठाकर कुछ भूमि दलालों ने जमीन हड़पने की साजिश रची। महीने भर पहले यह मामला सामने आने के बाद पड़ताल शुरु हुई है। आरोप है कि दलालों ने बिरडा ग्राम पंचायत में रहने वाले एक अन्य व्यक्तिए जिसका नाम भी चरण कुम्हार पितारू साइबाली कुम्हार है, को खोज निकाला। उसे बहला.फुसलाकर उसके पिता का नाम बदलकर चामा कुम्हार दर्शाते हुए फर्जी आधार कार्ड तैयार कराया गया। इसके बाद उक्त फर्जी मालिक को पानपोष सब.रजिस्ट्री कार्यालय में प्रस्तुत कर दो एकड़ जमीन की बिक्री का डीड तैयार करा लिया गया। बताया जा रहा है कि बाद में उसी दस्तावेज के आधार पर लाठीकटा तहसील कार्यालय में पट्टा हस्तांतरण के लिए आवेदन किया गया। सरपंच का आरोप है कि तहसीलदार ने मामले की वैधता की जांच के लिए संबंधित क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक आरआई से रिपोर्ट मंगाने की आवश्यकता नहीं समझी और सीधे आवेदन को स्वीकृति देते हुए रिकॉर्ड रूम को नामांतरण का आदेश दे दिया। हालांकि मामला संज्ञान में लाने के बाद तहसीलदार ने मामले की पड़ताल शुरु कर दी है।

■ लाठीकटा तहसील के टाइंसर का है मामला

## उदय भानु की गिरफ्तारी के विरोध में बिलाईगढ़ में पुतला दहन



**बिलाईगढ़।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को बिलाईगढ़ में ब्लॉक युवा कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम तहसील कार्यालय के पास बंगलाभाटा, बिलाईगढ़ में शाम 4 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम छत्तीसगढ़ प्रभारी युवा कांग्रेस अमित सिंह पठानिया, प्रदेशाध्यक्ष युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ आकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस सारंगढ़.बिलाईगढ़ शुभम वाजपेई तथा विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। युवा कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के निर्देश पर षड़यंत्र पूर्वक गिरफ्तारी की गई हैए जिसके विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कुछ देर तक छीना.झपटी की स्थिति बनी रही, हालांकि अंततः कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय साहू, युवा कांग्रेस नेता राम पंकज सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई एवं अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिले के युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ने की दिशा में प्रभावी पहल की जा रही है।

योजना का उद्देश्य युवाओं को उनके मनपसंद ट्रेड में प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें। इसी क्रम में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जशपुर जिले में सिक्योरिटी गार्ड कोर्स का निशुल्क प्रशिक्षण के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को निशुल्क आवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को भी प्रशिक्षण का लाभ मिल सके। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात प्रशिक्षित युवाओं का प्लेसमेंट भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत प्रारंभिक स्तर पर 10 हजार से 15 हजार रुपए तक का मासिक वेतन छत्तीसगढ़ में ही प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु मोबाइल नंबर 7697584747 पर संपर्क कर सकते हैं। सीमित सीटें उपलब्ध होने के कारण युवाओं से शीघ्र पंजीयन कराने की अपील की गई है, ताकि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकें।

# मुख्यमंत्री साय ने दी जिले को बड़ी सौगात

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले को विकास की नई रफ्तार देते हुए 9 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए कुल 30 करोड़ 59 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं से ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुगम होगा, व्यापार-व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा और शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच आसान होगी। दो वर्षों के भीतर मिली इस करोड़ों की सौगात से जिले की सड़क व्यवस्था का व्यापक कायाकल्प हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया है। जिले के ढूंड़गजोर से चिढ़रापारा पत्थलगांव तक 2 किमी 1 करोड़ 96 लाख, ग्राम ढोंगादरहा से अम्बाकछार मार्ग 3 किमी 4 करोड़ 84 लाख, ग्राम पंचायत मुड़ापारा से घिंचापानी होते हुए पंगसुवा मार्ग 4.85 किमी 4 करोड़ 26 लाख, ग्राम कोतबा से सरईकोना होते हुए पिकपारा मार्ग 4.60 किमी 4 करोड़ 59 लाख, कांसाबेल के बटाईकला प्रेमनगर से मारचाईढोढ़ी मार्ग दृ 2.90 किमी 2 करोड़ 79 लाख, कांसाबेल खूंटीटोली बस्ती से चेतबा हाई स्कूल मार्ग 2 किमी 2 करोड़ 4 लाख, कांसाबेल कोरंगा से नवाटोली से भागलपुर मार्ग 2 किमी 2 करोड़ 14 लाख, कुड़केल खजरी के पटेलपारा से बगई झरिया मार्ग 3.80 किमी 3 करोड़ 28 लाख, कोकिया खार से आमकानी मेन रोड तक 4 किमी 4 करोड़ 69 लाख की मंजूरी मिली है।




### विकास को मिलेगी रफ्तार

इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात की सुविधा बेहतर होगी, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी तथा विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में लगातार विकास कार्यों की सौगात मिल रही है, जिससे गांव-गांव में खुशहाली का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। यह स्वीकृति जशपुर जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बिना छुट्टी लिए स्कूल से गायब होने पर शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**पत्थलगांव।** अब बिना छुट्टी लिए अपने निजी काम के टलते स्कूल से गायब होने पर शिक्षकों खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकारी स्कूलों के शिक्षक अपने निजी कार्य के लिए लगातार स्कूल से गायब रहते हैं, और अपना निजी कार्य को ड्यूटी टाइम में करते हैं, जिससे स्कूलों की पढ़ाई काफी प्रभावित होती है। आए दिन स्कूली शिक्षकों को अन्य सरकारी विभागों में देखा जाता रहा है, वो भी बिना छुट्टी लिए। एक तरफ शिक्षक अपने अन्य काम भी करते रहते हैं एवं दूसरी तरफ अपनी ड्यूटी की औपचारिकता भी पूरी करते रहते हैं। इसको देखते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव ने आदेश जारी किया है कि, बिना छुट्टी लिए कोई भी शिक्षक यहां-वहां नहीं जा सकेंगे। अगर जाते हैं, तो पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई का सामना करेंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी की ओर से जारी इस निर्देश से काफी हद तक स्कूली शिक्षकों के निजी काम को लेकर स्कूल से नदारद होने पर विराम लग सकेगा। अब शिक्षक स्कूल छोड़ कर बिना छुट्टी लिए कहीं जाएंगे तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# होली से पहले पुलिस की तैयारी, हुड़दंगियों को सीधी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

होली से पहले जिले में कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। बुधवार को पुलिस कार्यालय में डीआईजी एवं एसएसपी डा लाल उमेद सिंह ने अनुविभागवार अपराध समीक्षा बैठक लेकर साफ कर दिया कि त्यौहार में खलल डालने वालों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई होगी। बैठक में सभी राजपत्रित अधिकारी, एसडीओपी, थाना व चौकी प्रभारी तथा विभिन्न शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।



### गौ-तस्करी, नशे और अवैध कारोबार पर जीरो टॉलरेंस

जिले में गौ-तस्करी, अवैध शराब, गांजा व नशीली दवाओं की तस्करी, जुआ-सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सीमावर्ती क्षेत्रों और अंतरराज्यीय मार्गों पर बेरियर लगाकर सघन नाकाबंदी करने, संदिग्ध वाहनों व एजेंटों पर नजर रखने और सूचना मिलते ही त्वरित वैधानिक कार्रवाई करने को कहा गया।

### लंबित मामलों पर सख्ती, अभियान चलाकर होगा निराकरण

बैठक में थाना-चौकीवार लंबित अपराध, चालान, मर्ग और शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा की गई। डीआईजी ने निर्देश दिए कि पुराने मामलों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और हर प्रकरण में ठोस प्रगति दिखे। विवेचकों के कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने तथा उच्च गुणवत्ता की विवेचना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

## पंकज के नेतृत्व में आईसीएआई की नई कमेटी गठित

**राउरकेला।** राउरकेला शाखाए इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया आईसीएआई द्वारा 26 फरवरी को मेफेयर विलेज में बजट 2026 एवं नवीन आयकर अधिनियम 2025 विषय पर भव्य सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक सदस्य उपस्थित थे। सेमिनार के प्रथम सत्र में दिल्ली से आए प्रख्यात वक्ता सीए विनोद गुप्ता ने बजट 2026 के प्रमुख प्रावधानों, करदाताओं पर प्रभाव और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इस सत्र की अध्यक्षता सीआरपी अग्रवाल ने की। द्वितीय सत्र में सीए पंकज सारोगी ने नवीन आयकर अधिनियम 2025 के विभिन्न प्रावधानों और उनके क्रियान्वयन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इस सत्र की अध्यक्षता सीएएस के सेनापति ने की।

27-Feb- Jash-Coriya-Rag-Janj-Bhoomi pg-3_Layout 1 27-02-2026 19:37 Page 1





# तांत्रिक जगत के रहस्य को दिखाती है 'चरक'

**मुंबई।** 'द केरल स्टोरी' फेम निर्देशक सुदीप्तो सेन की आगामी फिल्म 'चरकः फेयर ऑफ फेथ'का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में भारत के ग्रामीण इलाकों में फैले अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और तंत्र-मंत्र से जुड़े कई सवाल उठाए गए हैं। यह फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआत में दिखाया गया है कि गांव से बच्चे गायब हो रहे हैं। इसके बाद उनके माता-पिता पुलिस के पास इसकी शिकायत दर्ज करवाने पहुंचते हैं। धीरे-धीरे आगे दिखाई देता है कि अघोरी बाबा, साथ ही कुछ लोग तंत्र-मंत्र से जुड़े होते हैं। आगे दिखाया गया है कि चरक मेले में लोग अंधविश्वास से जुड़े होते हैं तांत्रिक क्रिया करते हैं। लेकिन इस बीच सवाल यही खड़ा होता है कि बच्चे कहां गायब हो रहे हैं और वो कैस मिलेंगे। चरक भारतीय तांत्रिक जगत के रहस्यमय और अनसुलझे पहलुओं को तलाशने की कोशिश करती है। इसमें मनोवैज्ञानिक रूप से गहराई से जुड़े किरदारों को एक विचलित कर देने वाले ट्रेडिनशन के साथ मिलाया गया है। टेलर में अंधविश्वाल, तंत्र-मंत्र की अलग-अलग विद्याओं और विधाओं के बारे में दिखाया गया है।

लाइफ Style

# रश्मिका दुल्हन के जोड़े में लगीं खूबसूरत

एजेंसी ⏭ मुंबई



रश्मिका मंदाना शादी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस दौरान वो सिल्क के कपड़ों में दुल्हन के तौर पर नजर आईं। जो पारंपरिक रीति-रिवाजों को दर्शाता है। वो दुल्हन के रूप में काफी खूबसूरत नजर आईं। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, शादी की रस्में एक खास कोरियाई ड्रामा से प्रेरित थीम पर आधारित शाम के साथ शुरू हुईं। यह थीम रश्मिका मंदाना के कोरियाई पॉप कल्चर के प्रति प्यार को दर्शाती हैं। रात का मुख्य आकर्षण कोरियाई ड्रामा की थीम पर आधारित एक खास केक था, जिसने समारोह को और भी खास बना दिया। एक ओर जहां फैंस शादी की तस्वीरों का इंतजार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कॉस्ट्यूम डिजाइनर श्रव्या वर्मा ने हल्दी समारोह के दौरान की एक तस्वीर साझा की है। इसमें वो पीले रंग के आउटफिट में चेहरा पर रंग लगाए नजर आ रही हैं। उनके दोनों हाथों पर विरोश का टैग बंधा हुआ है। उनकी तस्वीर देखकर ऐसा लगता है कि हल्दी में जमकर मस्ती की गई है। विजय-रश्मिका की फिल्म 'गीता गोविंदम' के निर्माता बन्नी वसू ने विरोश को शादी की शुभकामनाएं भेजी हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'मेरे गीता गोविंदम आप दोनों को एक-दूसरे को हमेशा के लिए चुनते देखना बेहद खास है।

विजय देवरकोंडा के दोस्तों ने सोशल मीडिया पर कुछ साझा की तस्वीरें हैं। कई दोस्त एक तस्वीर में नजर आ रहे हैं और उन्होंने फोटो को कैप्शन दिया है- 'दूल्हे की टीम।' विरोश की शादी वाला हैशटैग भी इस्तेमाल किया है।विजय और रश्मिका की शादी के जश्न के लिए डीजे गणेश उदयपुर पहुंचे। वह इस शादी में अपने म्यूजिक से समा बांधेंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# टेलर-ट्रैविस की जल्द होने वाली है शादी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर टेलर स्विफ्ट को अपना जीवनसाथी मिल गया है। इसी साल सिंगर अपनें मंगेतर ट्रैविस केल्से से शादी करने वाली हैं। पॉपुलर सिंगर टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्से को अक्सर एक साथ देखा जाता है। कभी यह कपल डेट पर जाता दिखाई देता है। तो कभी मस्ती में झूमता हुआ। मगर अब कपल जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। बीते साल अगस्त में सगाई कर के दोनों ने अपने फैंस को हैरान कर दिया था। सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनिया में हर जगह हैं। उनके गानों और लाइफस्टाइल को दर्शक खासा पसंद करते हैं। अब टेलर जल्द ही अपने चाहने वालों को शादी की खुशखबरी दे सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबित सिंगर ट्रैविस केल्से से 13 जून को शादी के बंधन में बंधेगीं।



# कॉमेडियन मार्टिन की बेटी कैथरीन ने खुद को मारी गोली!

**लॉस एंजिल्स।** टीवी शो 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' के एक्टर मार्टिन शॉर्ट की बेटी कैथरीन शॉर्ट का निधन हो गया है। वह 42 साल की थीं। टीएमजे के मुताबिक कैथरीन शॉर्ट ने सोमवार रात हॉलीवुड हिल्स में अपने घर पर खुद को गोली मार ली। पड़ोसियों ने मार्टिन के बारे में पुलिस को खबर दी। इसके बाद इमरजेंसी सर्विस और लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी उनके घर पर पहुंचे। शॉर्ट परिवार ने कैथरीन शॉर्ट के निधन की खबर कन्फर्म की। उन्होंने एक बयान में लिखा 'बहुत दुख के साथ हम कैथरीन शॉर्ट के निधन की पुष्टि करते हैं। शॉर्ट परिवार इस घटना से बहुत दुखी है। इस समय गोपनीयता चाहता है। कैथरीन शॉर्ट सभी की प्यारी थीं। उन्हें दुनिया में लाई गई खुशी के लिए याद किया जाएगा।' लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट को सोमवार की शाम को हॉलीवुड हिल्स के एक घर से एक महिला के निधन के बारे में कॉल आया। लॉस एंजिल्स पुलिस डिपार्टमेंट ने पीपल को कन्फर्म किया कि कॉल एक संभावित सुसाइड के बारे में थी। कैथरीन की मौत मार्टिन शॉर्ट के लिए हाल ही में दूसरा बड़ा नुकसान है। इससे पहले पिछले महीने उनकी पुरानी दोस्त कैथरीन ओ'हारा का निधन हो गया था।



# रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराज हुईं इलियाना

**मुंबई।** इलियाना डिक्रूज अक्सर ही खुलकर कई मुद्दों पर अपनी राय रखती हैं। हाल ही में उन्होंने सिंगर रिहाना की बॉडी शेमिंग पर नाराजगी दिखाई। ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया है। हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर हॉलीवुड सिंगर रिहाना को सपोर्ट किया। जो लोग प्रेग्नेंसी के बाद उनकी ट्रोलिंग कर रहे थे, उनको इलियाना डिक्रूज ने खूब खरी-खोटी सुनाई। हाल ही में प्रेग्नेंसी के बाद रिहाना अपने बेटे कजर आईं। उनका लुक देखकर कई लोगों ने कहा कि वह क्यों वापस शेप में नहीं आईं। इस बात पर इलियाना नाराज हो गईं। इसलिए इंस्टाग्राम पर उन्होंने एक पोस्ट किया। वह लिखती हैं, 'उन्होंने एक बच्चा पैदा किया और उस बच्चे को जन्म दिया। उसे हेल्दी रख रही हैं। फिर भी सवाल यह है कि वह अभी तक बाउंस बैक क्यों नहीं कर पाई हैं? यह बहुत गुस्सा दिलाने वाली अवास्तविक उम्मीदें।



# अली अब्बास की नई फिल्म में अहान निभाएंगे लीड रोल

**मुंबई।** फिल्ममेकर अली अब्बास जफर ने अपनी नई एक्शन-रोमांस फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। अली अब्बास जफर की इस फिल्म में उनके साथ लीड रोल में अहान पांडे नजर आएंगे, जिनकी पिछली फिल्म सैयारा ने जबरदस्त सफलता हासिल की थी। यह अहान की दूसरी बॉलीवुड फिल्म होगी। फिल्म का पहला शूटिंग शेड्यूल मुंबई में लगभग एक महीने तक चलेगा। अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान के साथ एक तस्वीर शेयर कर शूटिंग की शुरुआत का ऐलान किया। तस्वीर में अहान ब्लैक आउटफिट और लेदर जैकेट में काफी डैपर नजर आए, वहीं अली अब्बास जफर भी ऑल-ब्लैक लुक के साथ ब्राउन जैकेट में दिखे। यह फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

## टीवी मसाला



# तुम से तुम तक ने की जबरदस्त वापसी, अनुपमा तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते टीवी सीरियल्स में टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में टॉप पर आने के लिए घमासान होता है। इस हफ्ते भी कुछ ऐसा ही मामला रहा। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में टॉप 1 में स्मृति ईरानी की अदाकारी वाले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने जगह बनाई है। इस सीरियल को 1.9 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इस सीरियल की रेटिंग 2.0 थी। छठे हफ्ते में भी यह सीरियल पहले स्थान पर था। रेटिंग लिस्ट में दूसरे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसकी टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते यह सीरियल टॉप 5 में नहीं था। इस हफ्ते इस सीरियल ने जबरदस्त छलांग लगाई है। पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर सीरियल 'अनुपमा' था। इस हफ्ते 'तुम से तुम तक' ने इसे पछाड़ दिया है। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में तीसरे स्थान पर रुपाली गांगुली की अदाकारी वाला टीवी सीरियल 'अनुपमा' है। इस हफ्ते इस सीरियल की टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते के मुकाबले इस सीरियल में काफी गिरावट दर्ज की गई है। इस बार चौथे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा माई की बेटिंयां' ने जगह बनाई है। इसकी रेटिंग 1.8 है। इस बार टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में पांचवें स्थान पर टीवी सीरियल 'वसुधा' है। इस हफ्ते इस सीरियल को 1.7 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे स्थान पर था। इसमें प्रिया ठाकुर और अभिषेक शर्मा अहम किरदारों में हैं।

## अंकिता-विक्की ने की भक्तंबर पूजा

**नई दिल्ली।** गुरुवार को अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ भक्तंबर पूजा करने के बाद आध्यात्मिकता और एकजुटता पर एक नोट साझा किया। अंकिता ने बताया इस पूजा से उन्हें शांति और



आशीर्वाद का एहसास हुआ। अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आज हमने भक्तंबर पूजा की। फिर से मुझे लगा कि पति-पत्नी जब साथ में प्रार्थना करते हैं, तो उसकी ताकत बहुत अलग होती है। जब दो लोग मिलकर दिल से ईश्वर को कुछ अच्छा अर्पित करते हैं, तो मन को बहुत शांति मिलती है, दिल शांत हो जाता है और आत्मा को सुकून मिलता है।' अंकिता ने आगे लिखा, 'मैं बहुत खुश और आभारी हूं कि मेरा विवाह ऐसे परिवार में हुआ है, जहां भक्ति और मूल्य वही हैं जिनमें मैं पली-बढ़ी हूं। जब हम सब आध्यात्मिक पलों में एक साथ आते हैं, तो यह अपने आप में बहुत बड़ा आशीर्वाद लगता है। मेरे लिए ईश्वर एक ही है।

# दो और दो पांच के सीक्वल में नजर आएंगे अभिषेक और बॉबी

**मुंबई।** 1980 की क्लासिक कॉमेडी-एक्शन फिल्म 'दो और दो पांच' के रीमेक को लेकर इन दिनों जबरदस्त चर्चा है। अब प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने फिल्म की रीमेक को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पहले खबरें आई थीं कि रोहित शेट्टी अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' के लिए इसकी कहानी को अपनाने वाले हैं। हालांकि, उनकी टीम ने इन खबरों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया और साफ कहा कि यह जानकारी गलत है। अब इस मामले पर फिल्म प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने खुद सामने आकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि 'दो और दो पांच' के रीमेक के अधिकार उनके पास हैं और फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। दीपक ने बताया कि करीब 10 साल पहले वे इस फिल्म का रीमेक बनाना चाहते थे, जिसमें कुणाल कोहली को निर्देशक के रूप में लेने का प्लान था। उस समय अभिषेक बच्चन और बॉबी देओल को अमिताभ बच्चन और शशि कपूर वाले किरदारों के लिए सोच लिया गया था, लेकिन वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।



### दीपक के पास है फिल्म का अधिकार

दीपक मुकुट ने यह भी कहा कि वह आज भी अभिषेक और बॉबी को साथ में कास्ट करना पसंद करेंगे, क्योंकि दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री शानदार है। दोनों कलाकार पहले 'झूम बराबर झूम' और 'प्लेयर्स'में साथ नजर आ चुके हैं। फिलहाल यह तय नहीं है कि नई फिल्म सीधा रीमेक होगी, सीक्वल होगी या सिर्फ प्रेरित कहानी पर आधारित होगी। लेकिन निर्माता ने साफ कर दिया है कि अधिकार उनके पास हैं और उन्होंने ट्रेड मैगजीन में नोटिस भी प्रकाशित कराया है ताकि कोई और इसे रीमेक न कर सके।

# सलमान की भांजी के साथ जमेगी सिद्धांत की जोड़ी





**मुंबई।** सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री ने फिल्म 'फर्रे' से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। अब वे सिद्धांत चतुर्वेदी की हीरोइन बनने वाली हैं। साल 2023 में अलीजेह अग्निहोत्री ने इंडस्ट्री में कदम रखे। वे फिल्म 'फर्रे' में पहली बार नजर आईं। अब वे अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। सलमान खान की भांजी की जोड़ी इस बार पर्दे पर सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ जमने की खबर है। दोनों सितारे विकास बहल की आगामी फिल्म में नजर आएंगे, जो एक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विकास बहल ने अपनी आगामी फिल्म के लिए अलीजेह और सिद्धांत को साइन किया है। फिल्म का नाम अभी तय नहीं है। 'फिल्म की कहानी इंग्लैंड में रहने वाले उन पंजाबी युवाओं पर आधारित है, जो अपनी मिट्टी यानी पंजाब से भी जुड़े थे, लेकिन साथ ही वहां की विदेशी संस्कृति में भी रच-बस रहे थे'। फिल्म में दर्शकों को 90 के दशक का लुक और डांस क्लबों का माहौल देखने को मिलेगा। साथ ही यह भी देखने को मिलेगा की पंजाबी म्यूजिक के दुनियाभर में लोकप्रिय होने के पीछे किस तरह का संघर्ष रहा है और जुनून रहा है। अलीजेह फिल्म में सिंगर के रोल में नजर आएंगी। बता दें कि अलीजेह, अलवीरा खान और अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। इसी के साथ इस फिल्म को लेकर और अधिक जानकारी का इंतजार है। इस फिल्म की शूटिंग इस साल की दूसरी छमाही में शुरू होने की उम्मीद है। अगर यह फिल्म बनती है तो विकास बहल के साथ सिद्धांत की यह दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले सिद्धांत ने निर्देशक की रोमांटिक कॉमेडी 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' में साथ काम किया है, जो इस साल जुलाई में रिलीज हो सकती है। इस बीच बात करें सिद्धांत के वर्क फ्रंट की तो वे अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें वे मृणाल ठाकुर के साथ नजर आए हैं। मगर, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर रही है।

## थिएटर के बाहर तैनात एम्बुलेंस, हॉलीवुड ने की थी मदद


# बॉलीवुड फिल्म जिसे अकेले देखने पर था 10 हजार रुपए का इनाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ये कहानी है हॉरर फिल्मों की दुनिया में उस सफल और सबसे डरावनी कही जानेवाली उस फिल्म की, जिसके लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स ने रख दी थी बड़ी शर्त। कहते हैं कि डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा कर दी थी की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे और हॉल के बाहर लगा रखा था एम्बुलेंस। रामसे ब्रदर्स की पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) ऐसी हॉरर फिल्मों की लिस्ट में रही हैं जिसने लोगों को जितना ही डराया, उतनी ही इन फिल्मों ने कमाई भी की। ये फिल्में काफी कम बजट में बनी, लेकिन इसके बावजूद बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफल रहीं। इन सभी फिल्मों में से जिस फिल्म ने लोगों का गला सबसे अधिक सुखाया वो थी 'दरवाजा' जो साल 1978 में रिलीज हुई थी।

### लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी

रामसे फैमिली की तीसरी पीढ़ी दीपक रामसे और अमित रामसे ने 'दरवाजा' की कहानी को याद किया। एक बातचीत में दीपक ने बताया, 'आजकल आपके पास मेकअप के कई ऑप्शन मौजूद हैं। उस समय, बहुत कम ऐसे मेकअप आर्टिस्ट थे जो वास्तव में डरावना मेकअप करना जानते थे। सितारे अपने चेहरे पर चोट लगने पर भी सुंदर दिखना पसंद करते थे, जबकि रामसे की कहानी में लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी था।'




### किसी ने भी अकेले देखने की हिम्मत नहीं की

उन्होंने बताया कि हालांकि, इससे उनका बजट थोड़ा बढ़ गया था, लेकिन फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई हुई। फिल्म की सफलता को याद करते हुए दीपक ने कहा, 'आप इसे प्रमोशन का तरीका कह सकते हैं, लेकिन एक डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे। सिनेमाघर के बाहर एम्बुलेंस भी खड़ी कर दी गई थी। फिल्म इतनी सफल रही थी। लेकिन किसी ने भी इसे अकेले देखने की हिम्मत नहीं की।'

**क्रिस्टोफर टकर से किया संपर्क :** उन्होंने बताया कि कुछ भारतीय मेकअप आर्टिस्ट थे, लेकिन हमें लंदन से भी मेकअप आर्टिस्ट बुलाना पड़ता था। उन्होंने कहा, 'हमने क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया था।' उन्होंने आगे बताया, 'कुमार जी और तुलसी जी उनसे लंदन में मिले और समझाया कि हमारा बजट बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन हमें उनकी स्पेशलिटी की जरूरत है। वे हमारी सीमाओं के भीतर काम करने के लिए सहमत हो गए और उन्होंने फिल्म दरवाजा के लिए मेकअप भेजा। हमने उन्हें पाउंड में भुगतान किया।'

### दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर रामसे ब्रदर्स का रहा दबदबा

हॉरर फिल्मों के सच्चे शौकीन रामसे ब्रदर्स की कहानियों के फैन न हों ऐसा संभव नहीं। 'महल' (1949) जैसी क्लासिक फिल्मों और 1960 के दशक की कुछ हॉरर फिल्मों जैसे 'बीस साल बाद' (1962), 'गुमनाम' और 'भूत बंगला' (1965) जैसी तमाम फिल्मों के साथ रामसे ब्रदर्स ने करीब दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर अपना दबदबा बनाए रखा।

### कम बजट की फिल्में रहीं खूब सफल

कम बजट में बनी उनकी कई फिल्में पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) आदि बॉक्स ऑफिस पर खूब सफल रहीं। हालांकि, सबसे पहले फिल्म 'दरवाजा' को लेकर काफी चर्चा रही थी। इस फिल्म के लिए तुलसी रामसे और श्याम रामसे (रामसे ब्रदर्स) ने इंटरनैशनल मेकअप आर्टिस्ट क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया। कहते हैं कि ये फिल्म इतनी बड़ी हिट हुई कि डिस्ट्रीब्यूटर्स ने दर्शकों को खुलेआम चुनौती दी थी कि अगर वे इसे अकेले थिएटर में देखने की हिम्मत दिखाएं तो उसे 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।'

## खबर संक्षेप



### किरण बने रायगढ़ ग्रामीण कांग्रेस कोषाध्यक्ष

**रायगढ़।** कांग्रेस ने जिले की नई कार्यकारिणी की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। इस नई टीम में युवा नेतृत्व और अनुभव का तालमेल बिठाते हुए किरण पण्डा को जिला कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। किरण पण्डा की इस नियुक्ति को लेकर सांगठनिक गलियारों में काफी चर्चा हो रही है। ग्रामीण अध्यक्ष नेगी ने अपनी नई टीम में संगठन के सबसे भरोसेमंद चेहरे किरण पण्डा पर दांव खेला है। ज्ञात हो कि किरण पण्डा का सांगठनिक सफर काफी प्रभावी रहा है। वे इससे पहले ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरिया के प्रभारी और जिला कांग्रेस में महामंत्री के रूप में अपनी सक्रियता दिखा चुके हैं।

### पुलिस ने किया तीन आरोपी गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** जिले में पशु तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सलिहा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 गोवंश भैंस भैंसा को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी सलिहा उप निरीक्षक पुरेन्द्र मल्होत्रा के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर दो वाहनों को पकड़ा। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो महिंद्रा वीरो वाहन क्रमांक सीजी 06 एचएसी 8567 स्लेटी एवं सीजी 04 क्यूएम 0269 सफेद में भैंस एवं भैंसा मवेशियों को ठूंस.ठूंस कर बिलाईगढ़ से उड़ीसा ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने दोनों वाहनों को रोककर जांच किया। जिसमें एक वाहन में 2 भैंस व 3 भैंसा तथा दूसरे में 2 भैंस व 3 भैंसा कुल 10 पशु क्रूरतापूर्वक भरे पाए गए। वाहन चालकों से पशु परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर देहाती नालसी दर्ज कर आरोपियों के कब्जे से 10 नग मवेशी कुल अनुमानित कीमत 17, लाख 30 हजार दोनों वाहन एवं 4 मोबाइल फोन कीमत 16 हजार 300 रुपए जब्त किए गए। जब्त संपत्ति की कीमत 17 लाख 46 हजार 300 रुपए आंकी गई है। पकड़े गए आरोपी में सूरज गुप्ता 42 निवासी कोमाखान सुवरमाल जिला महासमुंद, भीखम सिन्हा 25 निवासी बिहाझर थाना बागबहरा जिला महासमुंद, कबीर खान 25 वर्ष मूल निवासी आगरा उप्र वर्तमान निवास ट्रांसपोर्ट नगर रायपुर को गिरफ्तार किया।

### बिसरा से श्याम मंदिर तक निकली निशान यात्रा

**राउरकेला।** पवित्र फाल्गुन ग्यारस के अवसर पर बिसरा से श्याम प्रेमियों द्वारा भव्य निशान यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु गाजे.बाजे और जयकारों के साथ पदयात्रा करते हुए राउरकेला के बिरसा डाहर स्थित श्री श्याम मंदिर बिरसा डाहर पहुंचे। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग जय श्री श्याम के जयघोष से गूंजता रहा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हाथों में निशान ध्वज लेकर भक्ति भाव से यात्रा में भाग लिया। मंदिर पहुंचकर विधि.विधान के साथ निशान अर्पित किया गया तथा सुख.समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। भक्ति और उत्साह से सराबोर इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से ओत.प्रोत कर दिया। फाल्गुन मास के पावन अवसर पर शुक्रवार को बिसरा शहर में खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा निकाली गई।

### होली के दिन 4 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर विभाग के आदेशानुसार 4 मार्च को होली के अवसर पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में ष्शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रोहित व्यास ने 4 मार्च को होली के अवसर पर 3 मार्च की रात्रि 10 बजे से 5 मार्च की सुबह 10 बजे तक जिला जशपुर के समस्त देशी, विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकानों तथा समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहातों एवं बार को पूर्णतः बंद रखने हेतु आदेश जारी किया है।

## कलेक्टर-एसएसपी की संयुक्त समीक्षा बैठक, 16 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा एवं सख्त निर्देश जारी

# नशा छोड़ने के बाद समाज में सकारात्मक जीवन जी रहे लोग अब बनेंगे रोल मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून व्यवस्था से जुड़े 16 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान नशा मुक्ति अभियान की प्रगति पर विशेष फोकस किया गया। कलेक्टर ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल है, इसलिए इसे गंभीरता से लेते हुए बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। विशेषकर नाबालिगों, जो नशीली दवाइयों की चपेट में आ चुके हैं, उनकी नियमित काउंसिलिंग कर उन्हें पुनर्वास कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि नशा छोड़ चुके और समाज में सकारात्मक जीवन जी रहे व्यक्तियों को रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाए,




ताकि समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचे और जनभागीदारी बढ़े। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को मेडिकल स्टोर्स में प्रतिबंधित दवाइयों की अवैध बिक्री पर कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिले में चिन्हांकित 16 ब्लैक स्पॉट की बिंदुवार समीक्षा की गई। छातामुड़ा चौक, पटेलपाली, कोडातराई, उर्दना तिराहा, जोरापाली, कांशीचुंआ, मुरा चौक, नावापारा चौक, कुनकुरी, सिंसरिंगा घाट, कंचनपुर, दर्रीपारा, फगुरम, देवगढ़, तेतला एवं चोढ़ा को दुर्घटना संभावित स्थल के रूप में चिन्हांकित किया गया है। इन स्थानों पर हाई मास्ट लाइट, सांकेतिक बोर्ड, रेडियम संकेतक, स्पीड रडार गनए मार्गदर्शक बोर्ड एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय आगामी बैठक तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर पेट्रोलिंग और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में हिट एंड रन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों में शीघ्र प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। जानकारी दी गई कि तहसील स्तर पर 38 प्रकरण लंबित हैं, 11 प्रकरण प्रक्रियाधीन हैं, राशि भुगतान से संबंधित 42 प्रकरण लंबित हैं तथा 2 प्रकरणों में भुगतान किया जा चुका है। अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। अजा अजजा अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। दाण्डिक प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं समयबद्ध कार्रवाई पर विशेष बल दिया गया। आगामी होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर अपने.अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही धरना, प्रदर्शन, रैली एवं सभा के आयोजन पूर्व वैधानिक अनुमति की अनिवार्यता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के दौरान न्यायालयीन आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। जिला जेल से संबंधित मामलों की समीक्षा के दौरान बंदियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, कौशल विकास प्रशिक्षणए योग एवं सुधारात्मक गतिविधियों के संचालन पर बल दिया गया। बंदियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराए जाने की जानकारी भी बैठक में दी गई। इसके अतिरिक्त औद्योगिक सुरक्षा की मॉनीटरिंग, अवैध उत्खनन पर संयुक्त कार्रवाई, आबकारी अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा, नशीली दवाइयों एवं अवैध शराब पर रोकथाम, पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत वाहन जप्ती, चिटफंड मामलों में प्रगति, पीएम रिपोर्ट एवं हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट के क्रियान्वयन तथा अभियोजन स्वीकृति के लंबित प्रकरणों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के अंत में कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए जिले में शांतिए सुरक्षा और सुव्यवस्था बनाए रखें।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर

**रायगढ़।** जिले के सुदूर, दुर्गम और आदिवासी बहुल विकासखंड लैलूंगा के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान कलेक्टर को लैलूंगा के झगरपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षिका ने भवन की मरम्मत, बाउंड्री फेसिंग तथा परिसर में जर्जर भवन की समस्या से अवगत कराया। कलेक्टर ने तत्काल सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि हॉस्टल एवं स्कूल भवन की मरम्मत, बाउंड्री फेसिंग और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए शीघ्र प्राक्कलन तैयार करने कहा गया। साथ ही परिसर में स्थित जर्जर भवन को प्राथमिकता से डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए, ताकि छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कुंजारा में प्रस्तावित बीएससी नर्सिंग कॉलेज के संचालन के लिए चिन्हित वैकल्पिक भवन और छात्रावास का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा यह परियोजना क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर आदिवासी छात्राओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगी। डीएवी स्कूल कुंजारा में भवन की जर्जर स्थिति पर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## बिलाईगढ़ विधायक कविता ने उठाया औद्योगिक विकास का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक विकास और स्थानीय रोजगार के मुद्दे को लेकर विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे ने विधानसभा में आवाज उठाई। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से जुड़े प्रश्न से उन्होंने क्षेत्र में उद्योगों की स्थितिए फूड पार्क की स्थापना, इंडस्ट्रियल पार्क की योजना तथा युवाओं को स्वरोजगार योजना के तहत मिले लाभ पर विस्तृत जानकारी मांगी।



सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसारए बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कुल 60 उद्योग पंजीकृत हैं, जिनमें 15 सूक्ष्म और 45 लघु उद्योग शामिल हैं। विधायक लहरे ने इसे क्षेत्र की संभावनाओं की तुलना में बेहद कम बताते हुए औद्योगिक विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया। विधायक ने क्षेत्र में एग्रो.प्रोसेसिंग यूनिट या प्राइस मिल क्लस्टर स्थापित करने की योजना के बारे में पूछा, लेकिन सरकार ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। कृषि प्रधान क्षेत्र होने के बावजूद इस तरह की पहल न होना स्थानीय किसानों और युवाओं के लिए निराशाजनक माना जा रहा है।

### इंडस्ट्रियल पार्क की प्रक्रिया जारी

सरकार ने बताया कि बिलाईगढ़ क्षेत्र में दो स्थानों पर इंडस्ट्रियल पार्क के लिए भूमि चयनित की गई है तथा तीन स्थानों पर चिन्हांकन की प्रक्रिया जारी है। ग्राम माटिया 10.125 हे. और अलीकुद 24.103 हे. में फूड पार्क एवं औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि चिन्हित की गई है। वहीं भटगांव क्षेत्र के धाराशीव, सिंधिचुवा और रिकोटार में कुल 136.730 हेक्टेयर भूमि औद्योगिक उपयोग के लिए प्रस्तावित है। विधायक लहरे ने इन प्रस्तावों की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए कहा कि केवल भूमि चिन्हांकन से विकास नहीं होगा, बल्कि धरातल पर उद्योग स्थापित होना आवश्यक है।

## अघोषित विद्युत कटौती, 132 केवी विद्युत सब स्टेशन को चालू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

अघोषित विद्युत कटौती और 132 के वी विघुत सब स्टेशन निर्माण कार्य शीघ्र चालू करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। क्षेत्र में जारी अघोषित विद्युत कटौती से आमजनए किसानों और छात्रों को हो रही भारी और सुविधा को देखते हुए कांग्रेस ने यह कदम उठाया है। साथ ही कांग्रेस ने मांग की है कि विद्युत आपूर्ति में सुधार के लिए प्रस्तावित नया 132 केवी सब स्टेशन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। अन्यथा कांग्रेस आंदोलन के लिए बाध्य होगा।



सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में शुक्रवार सुबह 11 बजे कांग्रेस व एनएसयूआई के संयुक्त तत्वधान में सरिया क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती और सरिया में प्रस्तावित 132 केवी विद्युत सब स्टेशन निर्माण कार्य प्रारंभ करने के मांग को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार कोमल साहू को ज्ञापन सौंपा है। नगर के महात्मा गांधी चौक से कांग्रेसियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए तहसील पहुंचे। ज्ञापन में सरिया क्षेत्र में स्थित 132 केवी विद्युत पर स्टेशन के शीघ्र निर्माण करने की मांग की गई है। यहां डेढ़ वर्ष पहले विद्युत सब स्टेशन निर्माण की स्वीकृति हुई है। यह परियोजना क्षेत्र की विकास, किसानों एआम नागरिकों की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही साथ से क्षेत्र में आघोषित विद्युत कटौती से जहां आमजन किसान विद्यार्थी परेशान है। इन सब समस्या को लेकर एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष निखिल डनसेना, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अग्रसेन साहू, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी शरद यादव के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी शरद यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि सरिया क्षेत्र पूरे छत्तीसगढ़ में कृषि के क्षेत्र में अग्रणी है। यहां के किसान जागरुक है और कृषि कार्य कडी मेहनत, लगन के साथ करते हुए विकास कर रहे हैं ।यहां अघोषित विद्युत कटौती के साथ.साथ प्रस्तावित 132 केवी विद्युत सब स्टेशन का निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है।

## जेपीएल ऐश डाइक क्षेत्र के ग्रामों के विकास में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल पावर लिमिटेड तमनार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति सदैव समर्पित रहा है। क्षेत्र में निवासरत आम जनमानस के हितों को प्राथमिकता देते हुए संस्थान उनके समग्र विकास एवं समस्याओं के निराकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में जिंदल पावर लिमिटेड ने अपनी सामाजिक प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए ऐश डाइक क्षेत्र में स्थित ग्रामों के निवासियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया है। संस्थान का उद्देश्य केवल औद्योगिक प्रगति तक सीमित न रहकर सामाजिक शैक्षणिक एवं पर्यावरणीय विकास को भी समान रूप से सुनिश्चित करना है।

विगत दिनों ऐश डाइक क्षेत्र के किसानों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा संस्थान के उच्च प्रबंधन को डाइक से उड़ने वाली ऐशडस्ट के कारण उत्पन्न कठिनाइयों से अवगत

### डाइक से उड़ने वाली ऐश से ग्रामीणों की कठिनाइयों के प्रति संस्थान संवेदनशील

कराया गया था। उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए संस्थान द्वारा डस्ट नियंत्रण हेतु अनेक प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए गए हैं। संस्थान द्वारा संपूर्ण ऐश डाइक में पानी भरकर रखा गया है। डाइक के चारों ओर 20 मीटर के दायरे में घास एवं विभिन्न प्रकार के छोटे पौधों का रोपण किया गया हैए जिससे आंधी.तूफान के दौरान निकटवर्ती ग्रामों में धूल उड़ने की संभावना न्यूनतम रहे। इसके अतिरिक्त पूरे डाइक क्षेत्र में स्प्रिंकलर एवं वाटरगन का उपयोग कर डस्ट को नियंत्रित किया जा रहा है। डाइक की सतह पर मिट्टी डाली गई है तथा डाइक क्षेत्र से गुजरने वाली सड़कों एवं ऐश खुदाई वाले स्थानों पर पानी टैंकरों द्वारा नियमित रूप से जल छिड़काव किया जाता है।

### ग्रीन नेट से किया गया वैकल्पिक अहाता निर्माण

ऐश परिवहन के दौरान ट्रकों को तिरपाल से ढककर परिवहन सुनिश्चित किया जा रहा हैए ताकि क्षेत्रीय रहवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। ऐश डाइक क्षेत्र के ग्राम कुंजेमुरा, उत्तर रेगांव, दक्षिण रेगांवए पाटा एवं बांधापाली के एक किलोमीटर के दायरे में 4 से 5 मीटर ऊँचाई तक ग्रीन नेट से वैकल्पिक अहाता निर्माण किया गया है जिससे चिन्हित ग्रामों में डस्ट का प्रवेश रोका जा सके। साथ ही नियमित रूप से हौज पाइप द्वारा भी जल छिड़काव किया जाता है।

### होली पर्व पर जिले में 4 मार्च को रहेगा शुष्क दिवस

**रायगढ़।** होली पर्व के अवसर पर जिले में 4 मार्च जिस दिन रंग खेला जाएगा को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24, उपधारा 1 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 4 मार्च को जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित समस्त देशी मदिरा सीएस.2 घघ, समस्त देशी कंपोजिट मदिरा सीएस .2 घघ कंपोजिट एवं समस्त विदेशी प्रीमियम मदिरा एफएल 1 घघ समस्त विदेशी कम्पोजिट मदिरा एफएल1 घघ कम्पोजिट दुकानों, देशी मदिरा भंडारण भंडागार, समस्त होटल बार अनुज्ञप्ति एफएल 3, शॉपिंग मॉल रेस्टोरेन्ट बार अनुज्ञप्ति एफएल3 क, पर्यटन बार एफएल 3 ग एवं समस्त देशी कम्पोजिट अहाता, समस्त विदेशी विदेशी कम्पोजिट अहाता को बंद रखने के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास

**कटेली।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश सारंगढ़ अमित राठौर के न्यायालय में थाना सरसीवा के अपराध विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत पॉक्सो एक्ट से संबंधित में आरोपी विजय कुमार केवट पिता कन्हैया लाल केवट 21 निवासी ग्राम धनगांव थाना सरसीवा के द्वारा 16 वर्ष से कम उम्र की नाबालिक पीड़ित बालिका को व्यपहरण कर बहला फुसला कर शादी करने का झांसा दिया था। उसे जम्मू कश्मीर रायगढ़ रायपुर ले जाकर निरंतर शारीरिक शोषण किया था और पीड़ित बालिका को रायपुर में छोड़कर चला गया था। पीड़िता के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराया था। जिस पर .सरसीवा थाने में अपराध दर्ज किया गया था। न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीडित बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से माननीय अपर सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 366 के तहत 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 2, ढ के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

सुयश हॉस्पिटल
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
क्लीनिकल टेस्ट में 20% की छूट
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
7 दिन
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 9340638884
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
भेंट द्वारिका, द्वारिकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुखमणी मंदिर, त्रयम्बकेश्वर, गोपी तालाब, सिरडी, शनि सिग्नापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थान
यात्रा दिनांक: 28 मार्च, 2026; 04 अप्रैल, 2026; 04 जून, 2026; 14 जून, 2026; 29 जुलाई, 2026
11 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹ 21,500/- ऑफर ₹ 18,500/- 3AC ₹ 32,500/- ऑफर ₹ 29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office: ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त